# छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

## सूचना

माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में लिफ्ट मैन के पद की भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमाँक–01/2021, दिनाँक–03/07/2021 के माध्यम से आवेदन–पत्र मंगाये गये थे।

लिफ्ट मैन के पद हेतु दिनांक 07/05/2023 को आयोजित प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण कुल 33 अभ्यर्थियों का द्वितीय चरण की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 03/07/2023 को "छ0ग0 उच्च न्यायालय, बोदरी, बिलासपुर" में प्रातः 11.00 बजे से आयोजित किया जाना निर्धारित है तथा अभ्यर्थियों को छ0ग0 उच्च न्यायालय, बिलासपुर के गेट कमांक 03 पर उपस्थित होना होगा।

उक्त अभ्यर्थियों की सूची छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट में अपलोड कर दी गई है। अभ्यर्थी प्रायोगिक परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटा पूर्व (प्रातः 10.00 बजे) प्रायोगिक परीक्षा में अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

आवेदक अपना प्रवेश पत्र उच्च न्यायालय की वेबसाइट https://highcourt.cg.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं, जो उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जायेगा, जो अभ्यर्थी के प्रायोगिक परीक्षा के लिये अधिकृत प्रवेश पत्र होगा। किसी भी आवेदक को अन्य किसी माध्यम से प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय को प्रायोगिक परीक्षा में उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थियों का प्रायोगिक परीक्षा किसी अन्य तिथि/समय पर नहीं लिया जायेगा तथा उनका प्रायोगिक परीक्षा हेतु दावा/अधिकार समाप्त हो जाएगा।

प्रायोगिक परीक्षा में अभ्यर्थी प्रवेश पत्र तथा अपनी पहचान के संबंध में अपना पहचान पत्र जैसे वोटर आई.डी. कार्ड/आधार कार्ड/ड्राईविंग लायसेंस/बैंक पास–बुक (फोटो युक्त)/पैन कार्ड/स्मार्ट कार्ड में से किसी एक की मूल प्रति एवं उसकी एक छायाप्रति के साथ उपस्थित हो। प्रायोगिक परीक्षा में प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की छायाप्रति (अपना रोल नम्बर अंकित कर) में स्वयं का हस्ताक्षर (स्वप्रमाणित) कर अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी को अनिवार्य रूप से सौंपे।

विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट https://highcourt.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

(अरविंद कुमार वर्मा)
रजिस्ट्रार जनरल
26-06-2023